ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ के अलावा छोटे शहरों में भी निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी

यूपी के 60 जिलों में दौड़ेगी रोजगार की रेल

■ अजित खरे

ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी 3.0 प्रदेश में रोजगार के नए रास्ते खोलेगी। उत्तर प्रदेश के 60 जिले उद्योग और निवेश के अब बड़े केंद्र बनने जा रहे हैं। कृषि व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में रामपुर, देवरिया, बरेली, कानपुर देहात, हमीरपुर व हरदोई जैसे जिलों में नई औद्योगिक यूनिट लगने जा रही हैं। डिफेंस एयरोस्पेस में लखनऊ, हेल्थ केयर में महाराजगंज तो औषधि निर्माण व मेडिकल सप्लाई में मथुरा और बेकरी प्रोडेक्ट यीस्ट निर्माण में पीलीभीत जैसे जिले नई मंजिल पाने को तैयार हैं। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के जरिए जिन निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

निर्माण, पर्यटन, शिक्षा, लॉजिस्टिक व वेयरहाउस से लेकर वैकल्पिक ऊर्जा तक पूर्वाचल, मध्य यूपी व बुंदेलखंड के जिलों में नए उद्योग लगने जा रहे हैं। आईटी कंपनियों के लिए अभी पश्चिमी यूपी खासतौर पर नोएडा ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण विकास क्षेत्र पंसदीदा स्थल बना हुआ है।

40 हजार करोड़ का निवेश: परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ ही ये सब अलग-अलग चरणों में 2025 तक उत्पादन शुरू कर देंगी। केवल पांच सौ करोड़ से ऊपर के निवेश परियोजनाओं के जरिए ही 29 कंपनियां 13 जिलों में 40 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश करने जा रही हैं। इसमें अलग परियोजनाओं के लिए अलग-अलग संख्या में रोजगार पैदा होंगे। कुल रोजगार सवा लाख के करीब होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले गुरुवार को तैयारियां पूरी कर ली गई। अफसर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

पीएम का कार्यक्रम

- सुबह 10:20 बजे एयरपोर्ट पर पीएम का आगमन
- 10:45 बजे चॉपर लामार्टीनियर ग्राउंड उतरेगा
- 11:00 बजे इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान आगमन होगा
- 12:15 बजे दोपहर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान से प्रस्थान करेंगे पीएम
- 12:30 बजे लामार्टीनियर से कानपुर के लिए रवाना होंगे

पांच सौ करोड़ के ऊपर की निवेश परियोजनाएं

जिला	परियोजनाएं	*निवेश	रोजगार	पूरा होने का समय
गौतमबुद्धनगर	14	30078	58000	अग. 2022 से दिसं. 25
पीलीभीत	01	1100	2000	12 जनवरी 2025
लखनऊ	01	975	1120	2024
गोरखपुर	02	1521.81	1750	अक्टू. 2022 अप्रैल 2023
गाजियाबाद	01	800	4250	जनवरी 2024
जालौन	01	791	40000	मई 2023
हापुड	01	790	952	जुलाई 2022
अमेठी	01	700	350	अप्रैल 2023
सोनभद्र	01	600.80	2250	जून 2024
मिर्जापुर	01	600	180	अप्रैल 2024
सीतापुर	01	550	1000	मार्च 2023
अलीगढ़	02	1178	1650	जुलाई 23,31 जन. 2024
बिजनौर	01	500	150	जुलाई 2022

* कुल निवेश करोड़ रुपये में

500 करोड़ से 200 करोड़ तक के निवेश की 52 कंपनियां शामिल होंगी

चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा

पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि आईजीपी को दो भागों में बांटा गया है। 8 एसीपी, 16 एडिशनल एसपी, 25 डिप्टी एसपी, 40 इंस्पेक्टर, दरोगा, सिपाही और महिला सिपाहियों की तैनाती की है।

क्षेत्रवार निवेश व प्रतिशत

पश्चिमी यूपी
865 प्रोजेक्ट
58672 धनराशि
73% निवेश

पूर्वांचल
290 प्रोजेक्ट
9617 धनराशि
12% निवेश

बुंदेलखंड
34 प्रोजेक्ट
2938 धनराशि
04% निवेश

मध्यांचल
217 प्रोजेक्ट
8997 धनराशि
11% निवेश

एयरपोर्ट पर देर शाम तक आए 67 अतिथि

लखनऊ । ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अतिथियों का आगमन गुरुवार की दोपहर बाद से ही शुरू हो गया। अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर देर शाम तक 67 अतिथि नियमित उड़ानों और छह चार्टर से लखनऊ पहुंचे।

अतिथियों के स्वागत और सुरक्षा के लिए घरेलू टर्मिनल पर बड़ी संख्या में पुलिस और सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। प्रत्येक अतिथि को लेने के लिए एक मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया। इसके अलावा उनके साथ पुलिस के एक-एक अधिकारी पीएसओ की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।